संख्या -30/27/84-2-2014-सीपी-7/2013

प्रेषक,

हरिश्चन्द्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निबन्धक,
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,उ.प्र.,
सी-1, विक्रान्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 24 जनवरी, 2014

विषय प्रदेश के विभिन्न जिला उपभोक्ता फोरमों में रिक्त हुए/हो रहे अध्यक्ष, सामान्य सदस्य एवं महिला सदस्य के पदों पर चयन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3450/एससीडीआरसी/यू.पी./अधि. 100/13, दिनांक 13 दिसम्बर, 2013 के क्रम में शासन के पत्र संख्या-17/फोना 1/84-2-2014-सीपी-7/2013, दिनांक 09 जनवरी, 2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में शासन में प्राप्त निम्नलिखित प्रार्थना पत्र जिनकी शासन में प्राप्ति की तिथि उक्त पत्रों पर अंकित है, को मूल रूप में संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें :-

स्थानान्तरण

क्र0स0	नाम एवं पता
1	श्री उमेश चन्द्र, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम, मैनपुरी का स्वयं को जिला उपभोक्ता फोरम, उन्नाव में स्थानान्तरित करने विषयक प्रार्थना पत्र दिनांक 11.01.2014
2	श्रीमती साधना गुप्ता पत्नी स्व0 राम बाबू गुप्त, महिला सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, इलाहाबाद का स्वयं को अस्वस्थता के आधार पर जिला उपभोक्ता फोरम, फतेहपुर में सम्बद्ध किये जाने विषयक प्रार्थना पत्र दिनांक 27.10.2013

संलग्नक-यथोक्त ।

भवदीय,

(हरिश्चन्द्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in